DOIT.C
Department of Information Technology & Communication, Rajasthan

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांकः–प.2(6310)/डीओआईटी/संस्था/14/पार्ट–।।/00668/2024 जयपुर, दिनांकः 04.03.2024

### कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश क्रमांक प.2(9400)डीओआईओएण्डसी/2021/01025/2022 दिनांक 15.02.2022 के द्वारा श्री भूपेन्द्र कुमार जैन पुत्र स्व. श्री राजकुमार जैन को राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों के अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के अन्तर्गत राजस्थान कम्प्यूटर राज्य एवं अधीनस्थ सेवा में सूचना सहायक के पद पर वेतन श्रृंखला 5200–20200 (10) में दो वर्ष की परिवीक्षा प्रशिक्षण अवधि के लिये राशि रूपये 18,500/–पर नियत पारिश्रमिक के अन्तर्गत प्रोवेशनर ट्रेनी के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई थी। उक्त आदेश की अनुपालना में श्री भूपेन्द्र कुमार जैन ने कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय, जयपुर में दिनांक 23.02.2022 को मध्यान्ह् पूर्व सूचना सहायक के पद पर कार्यग्रहण किया।

वित्त (नियम अनुभाग) विभाग के नोटिफिकेशन प.15(1) वित्त (नियम)/2017 दिनांक 09.12.2017 के अनुसरण में श्री भूपेन्द्र कुमार जैन, सूचना सहायक को कॉलम सं. 7 में उल्लेखित दिनांक से पुनरीक्षित वेतनमान नियम 2017 के नियम 17 के अनुसार सूचना सहायक पद की नियमित वेतन श्रृंखला पी.बी–1 (5200–20200) की ग्रेड पे–2800 (ग्रेड पे सं.–10) का शिड्यूल–। (Part-B) की Pay Matrix के अन्तर्गत L-8 लेविल का न्यूनतम (First Cell) की राशि रूपये 26,300/– एवं नियमानुसार भत्ते आहरित/वितरित करने की एतद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

| क्र. सं. | मेरिट/ रोल नं. | सूचना सहायक का नाम | वर्तमान पदस्थापित विभाग | प्रथम कार्यग्रहण दिनांक | परिवीक्षाधीन अवधि (दो वर्ष) पूर्ण होने की दिनांक | निर्धारित वेतनमान में उक्तानुसार निर्धारित वेतन के आधार पर वेतन आहरण एवं स्थाईकरण किये जाने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | डीडीपी | श्री भूपेन्द्र कुमार जैन | सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, मुख्यालय, जयपुर। | 23.02.2022 | 22.02.2024 | 23.02.2024 |

उक्त कार्मिक का वेतन आहरण संबंधित कार्यालयाध्यक्ष के द्वारा वित्तीय एवं लेखा नियमों के प्रावधानों के तहत किया जावेगा एवं वेतन निर्धारण की प्रविष्टी का इन्द्राज नियमानुसार उक्त कर्मचारी की सेवा पुस्तिका में किया जाना सुनिश्चित किया जावे। पुनरीक्षित वेतनमान नियम 2017 के नियम 13 के अनुसार **श्री भूपेन्द्र कुमार जैन, सूचना सहायक की आगामी वेतन वृद्धि की दिनांक 01.07.2024 होगी।**

**यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।**

**(संजय जगदीश कर्णिक)**
**संयुक्त सचिव एवं कार्यालयाध्यक्ष**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–
1. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
2. आहरण एवं वितरण अधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय, जयपुर।
3. प्रभारी अधिकारी, वेबसाईट, वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।
4. संस्थापन अधिकारी (भुगतान शाखा), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय, जयपुर।
5. श्री भूपेन्द्र कुमार जैन, सूचना सहायक, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय, जयपुर।
6. निजी/रक्षित पत्रावली।

विजय 04/03/2024
**अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी**